आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. देश में आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया जा रहा है।
2. कैंसर की 137 दवाएं सस्ती, आज से लागू होगी संशोधित कीमत।
3. सरकार ने देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए नए नियम अधिसूचित किए। नियम पहली जनवरी से लागू होंगे।
4. अंडमान निकोबार राज्य ओलम्पिक संघ की ओर से 'अस्मिता महिला बास्केटबॉल लीग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

देश में आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य देश के विकास में उद्यमिता के महत्व पर बल देना है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की स्थापना भी वर्ष 2014 में इसी तिथि को की गई थी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त दो लाख 62 हजार से अधिक स्टार्टअप के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। ये स्टार्टअप रोजगार के साथ ही युवाओं के लिए नए अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं।

<><><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि कैंसर की 137 दवाओं की संशोधित कीमतें आज से लागू हो जाएंगी। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने हाल ही में इन दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य पर व्यापार लाभ की सीमा तय की है। इससे इन दवाओं की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है।

<><><><><><><><>

पोल्ट्री फार्मों में हानिकारक चोंच मारने और नरभक्षण को नियंत्रित करने के लिए बीक ट्रिमिंग का अभ्यास किया जाता है। यह अभ्यास पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(स) का उल्लंघन है। इस संबंध में सभी वाणिज्यिक हैचरी और पोल्ट्री चूजा आपूर्तिकर्ताओं को जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। इसके तहत नियमित हॉट–ब्लेड

बीक ट्रिमिंग पर रोक लगाई गई है। चोंच का उपचार आवश्यक होने पर ही हैचरी को लागू कानूनी आवश्यकताओं के अधीन, पारंपरिक हॉट–ब्लेड ट्रिमिंग के तुलनात्मक रूप से मानवीय विकल्प के रूप में हैचरी स्तर पर इन्फ्रारेड बीक ट्रीटमेंट को अपनाने, पक्षियों के कल्याण और उत्पादकता को बढ़ावा देने और उन्नत पशुपालन और प्रबंधन के अंतर्गत पोल्ट्री किसानों को जागरूक करना शामिल है।

<><><><><><><>

श्रम विभाग मजदूरी संहिता, 2019; औद्योगिक संबंध संहिता, 2020; सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020; और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 के तहत प्रारूप नियमों को अंतिम रूप देने और उन्हें अधिसूचित करने की प्रक्रिया में है। इस सिलसिले में विभाग ने नियोक्ताओं, कर्मचारियों, ट्रेड यूनियनों, प्रतिष्ठानों तथा प्रस्तावित नियमों से प्रभावित होने की संभावना वाले अन्य व्यक्तियों सहित सभी हितधारकों से पुनः आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किया है। सभी संबंधितों से आपत्तियां और सुझाव, श्रम आयुक्त कार्यालय में सीधे या ई–मेल के माध्यम से जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने वर्ष 2027 की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं अगले वर्ष 16 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी। 10वीं की परीक्षाएं 9 मार्च को और 12वीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल को समाप्त होंगी। अधिक जानकारी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

माई भारत की ओर से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत – 100 वीक्स कैंपेन' के 8वें सप्ताह के अवसर पर अंडमान महिला मंडल में राज्य स्तरीय 'दीवाली स्नेह मिलन – माई भारत की युवा उमंग, दीवाली के दीपों के संग' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के संस्थापक स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने प्रतिभागियों को शांतिपूर्ण तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिस्वास ने इस पहल के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने इस पहल की सराहना

करते हुए सांस्कृतिक मूल्यों, टीम वर्क, मानवता, आपसी सम्मान, अनुशासन और सामुदायिक विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

सरकार ने देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं, जो लगभग नौ दशक पुराने विमान नियम, 1937 की जगह लेंगे। भारतीय वायुयान नियम, 2026 अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होंगे। नियम के तहत नियमित हवाई सेवाएं संचालित करने वाली विमानन कंपनियों को परिचालन लागत सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हवाई किराया तय करना होगा और नागर विमानन महानिदेशालय को किराये का विवरण सौंपना होगा। इन प्रावधानों के अंतर्गत कोई असाधारण स्थिति पैदा होने पर केंद्र सरकार जनहित में हस्तक्षेप करते हुए लिखित निर्देश जारी कर सकती है। विमानन कंपनियों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किराये की जानकारी प्रकाशित करनी होगी। इन नियमों में विमानों के पंजीकरण और प्रमाणन से जुड़े प्रावधान भी शामिल है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलम्पिक संघ की ओर से 'अस्मिता महिला बास्केटबॉल लीग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह चैम्पियनशिप 15 नवंबर, को श्री विजयपुरम में आयोजित होगा। यह आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण की एक पहल है। इसका उद्देश्य देश भर के विभिन्न आयु वर्ग के महिला एथलीटों के बीच लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और उन्हें प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना है। इच्छुक टीमे 14 नवम्बर तक राज्य ओलंपिक कार्यालय में अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामला निदेशालय ने 'खेलो इंडिया' योजना के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न खेलो इंडिया केंद्रों में अनुबंध के आधार पर खेल प्रशिक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए पूर्व विजेता एथलीटों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित प्रशिक्षकों को 25 हजार रूपये प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा।

पात्रता मानदंड और निर्धारित आवेदन पत्र खेल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ नेताजी खेल परिसर में आज शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय के तहत जे एन आर एम केंद्र, में एन ई पी और सी बी सी एस पाठ्यक्रम के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की नवंबर–दिसंबर सत्र की सेमेस्टर परीक्षाएं सोलह नवंबर से शुरू होंगी। परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। पूर्व विद्यार्थियों को हॉल टिकट बारह नवंबर से सभी कार्य दिवसों में जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

कृषि विभाग लघु सिंचाई विकास योजना के तहत किसानों एवं सहकारी कृषि समितियों को सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। योजना के तहत तालाब खुदाई पर 50 प्रतिशत या अधिकतम डेढ़ लाख रुपये, आरसीसी रिंगवेल निर्माण पर 50 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये तथा पंपसेट खरीद पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। वहीं, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की स्थापना पर पचहत्तर प्रतिशत या अधिकतम तिरानब्बे हजर सात सौ पचास रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता के साथ 100 प्रतिशत परिवहन सब्सिडी दी जाएगी। पात्र किसान अपने क्षेत्र के क्षेत्रीय कृषि कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकते हैं। संयुक्त भूमि के मामले में सह–काश्तकारों की एनओसी भी अनिवार्य होगी।

<><><><><><><><>